उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

पत्रांक : 643/05/ई–4/डी0आर0(ए0ई0)/2021–22 दिनांक 04 अप्रैल, 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या : A-2/E-4/A.E./2021-22 दिनांक 01 सितम्बर, 2021 के द्वारा 'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021' के सापेक्ष दिनांक 23 से 27 अप्रैल, 2022 को आयोजित लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा का परिणाम दिनांक 18.11.2022 को घोषित किया गया था।

2. प्रश्नगत परीक्षा के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार द्वारा कतिपय अभ्यर्थियों के अनुचित साधनों से परीक्षा देने की पुष्टि की सूचना आयोग कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता के दृष्टिगत मा0 आयोग द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विज्ञापन संख्या : A-2/E-4/A.E./2021-22 दिनांक 01 सितम्बर, 2021 के सापेक्ष दिनांक 23 से 27 अप्रैल, 2022 तक आयोजित लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा एवं तत्संबंधी परीक्षा परिणाम को निरस्त किया जाता है।

3. प्रश्नगत परीक्षा हेतु पूर्व में जारी विज्ञापन दिनांक 01.09.2020 तथा तत्संबंधी विज्ञप्ति दिनांक 20.09.2021 एवं 17.01.2022 के आधार पर उक्त परीक्षा पुनः दिनांक 13, 14, 16, 17 एवं 18 अगस्त, 2023 (कुल 05 दिवस) को आयोजित की जायेगी।

उक्त लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने संबंधी सूचना पृथक से यथासमय दैनिक समाचार पत्रों तथा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित की जायेगी।

SD/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।